# उद्यानों से निकलने वाले कचरे से बनेगी खाद

रा.प. 15-1-2021

रतलाम। नगर निगम स्वामित्व के उद्यानों से निकलने वाले कचरे का उचित रीति से प्रसंस्करण कराने हेतु कचरे से खाद बनाने के लिये कम्पोस्ट पिट बनाने का कार्य निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार उद्यान विभाग के अमले द्वारा किया जा रहा है ताकि कचरा उत्सर्जन स्थल पर ही निपटान के साथ ही उद्यानों के लिये खाद उपलब्ध होकर उद्यान हरे-भरे रहे। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की पूर्व तैयारियों के तहत निगम के ऐसे उद्यान जिनमें कम्पोस्ट पिट नहीं बने है उनमें पिट निर्माण किया जा रहा है। कालिका माता उद्यान, रोटरी गार्डन, अमृत सागर उद्यान, काटजू नगर उद्यान में कम्पोस्ट पिट का निर्माण कराया जा चुका है तथा गुलाब चक्कर, शास्त्रीनगर बाल उद्यान, गांधी उद्यान, जैन कालोनी, शास्त्रीनगर, मानस भव, शांति निकेतन, टीचर कालोनी, कल्याण नगर, कस्तुरबा नगर, कोमल नगर, अलकापुरी गणेश चौक व रत्नपुरी उद्यान में कम्पोस्ट पिट बनाने का कार्य किया जा रहा है।

# तेजी से लुढ़क रहे तापमान से ठिठुरन बढ़ी

**रतलाम।** जिले में मौसम के मिजाज फिर बदल गए हैं। दो दिन से तापमान में गिरावट के चलते ठिठुरन बढ़ गई है। रात का तापमान लुढ़क कर सात डिग्री सेल्सियस हो गया है। सुबह देर तक कोहरा छा रहा है। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सर्दी से बचाव के लिए जगह-जगह अलाव जलाए जा रहे हैं।

हवा का रुख बदलते ही जिले में फिर मौसम के मिजाज में बदलाव आ गया है। सर्द बयारों से ठिठुरन बढ़ती जा रही है। मंगलवार के बाद बुधवार को भी मौसम सर्द बना रहा। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 25.2 व न्यूनतम 7.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार के मुकाबले अधिकतम जहां तापमान स्थिर रहा, वहीं न्यूनतम तापमान में 2.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। सुबह की आर्द्रता 73 व शाम की 66 प्रतिशत रही, जो मंगलवार को क्रमशः 90 व 72 प्रतिशत थी।

**विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाए :** सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेंटर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, कालिका माता, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थल व चौराहों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। इसके अलावा नागरिकों द्वारा भी अपने स्तर पर सर्दी से बचाव के लिए अलाव जलाए जा रहे हैं।



रतलाम में सर्दी से बचाव के लिए अलाव तापते हुए ग्रामीण। • नईदुनिया

### एक नजर तापमान की चाल पर

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 13 जनवरी | 25.2 | 07.0 |
| 12 जनवरी | 25.2 | 09.0 |
| 11 जनवरी | 26.2 | 14.8 |
| 10 जनवरी | 23.6 | 15.0 |
| 09 जनवरी | 23.2 | 15.2 |
| 08 जनवरी | 28.6 | 14.6 |
| 07 जनवरी | 24.0 | 14.2 |

**11 नए पॉजिटिव, अब कुल संक्रमित 4239**

रतलाम | कोरोना पॉजिटिव लगातार सामने आ रहे हैं। बुधवार को 11 नए पॉजिटिव मिले हैं। इसी के साथ कुल संक्रमित 4239 हो गए हैं। बुधवार को सैलाना, गुलमोहर कॉलोनी, ताल, नामली, शिवगढ़ सहित अन्य जगह संक्रमित मिले। जिले में अभी एक्टिव केस 148 हैं।

# खुशियों का उत्तरायण | रात 9.25 बजे रतलाम पहुंची कोरोना वैक्सीन 10,310 डोज मिले, कल से भेजेंगे एसएमएस




टीके के बॉक्स पर वैदिक मंत्र सबके निरोग की कामना

## अब सिर्फ दो दिन दूर खुशियों का टीका : प्लानिंग भी बदली, अब 21 केंद्रों पर नहीं, दो केंद्रों पर ही लगेगी वैक्सीन, 15 दिन तक चलेगा पहले फेज का टीकाकरण

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बुधवार का दिन वैक्सीन के रूप में खुशियां लेकर आया। पहली खेप में इंदौर-उज्जैन संभाग के 15 जिलों के लिए 1 लाख 52 हजार खुराक मिली। वैक्सीन रात 9.25 बजे रतलाम पहुंची। जिले को 10,310 टीके मिले हैं। पहले चरण के लिए ये पर्याप्त है, क्योंकि, 8437 फ्रंट लाइन वर्करों को ही टीका लगना है। पहले जिले के 21 केंद्रों पर टीका लगना तय हुआ था, अब 2 केंद्रों पर ही लगेगा।

नीमच की गाड़ी वैक्सीन को लेने इंदौर पहुंची थी। इंदौर से यह गाड़ी शाम 6 बजे निकल गई थी। 3.25 घंटे बाद रात 9.25 बजे वैक्सीन वैन रतलाम पहुंची। रतलाम में गाड़ी की सील को ओपन किया गया। वहीं कोल्ड चैन में टीकाकरण अधिकारी वर्षा कुरील ने तीन बॉक्स लिए। इन बॉक्स में 10,310 टीके थे। बॉक्स को कोल्ड चेन में रखा गया है। यहां पुलिस गार्ड भी लगे हैं। शेष | पेज 7 पर

### उत्साह • पूरे रास्ते खिले चेहरों ने किया स्वागत, बरसाए फूल



कोरोना वैक्सीन के बॉक्स को उतारते स्वास्थ्य अमले के कर्मी।

### पहला टीका किसे लगेगा ये अभी तय नहीं

इधर, जिले में पहला टीका किसे लगाया जाएगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। हार्ट पैशेंट और 50 साल से ज्यादा उम्र के ऐसे लोग जिन्हें शुगर या अन्य बीमारी है, उन्हें पहले दिन टीका नहीं लगाया जाएगा। ऐसे आदेश मिले हैं। ऐसे में अभी तय नहीं हो सका है कि टीका किसे लगेगा।

### वैक्सीनेशन पर एक नजर

- **6** बजे इंदौर से निकली वैक्सीन वैन
- **3** कर्मचारी साथ थे
- **4** पुलिसकर्मी साथ थे
- **9.25** बजे रतलाम पहुंची
- **3** बॉक्स में रतलाम की वैक्सीन रखी थी
- **10,310** टीके मिले हैं
- **20** मिनट में टीकों का हैंडओवर
- **9.45** बजे वैन मंदसौर रवाना

**टीकाकरण सुबह 10 बजे से-** जिन्हें 16 को टीका लगना है, उन्हें 15 को एसएमएस मिल जाएगा। इसमें समय व स्थान बताएंगे। टीकाकरण सुबह 10 से शाम 4 बजे तक होगा।

### वैक्सीन अपडेट


**ड्राइवर बोला - 25 साल से वैक्सीन ले जा रहा हूं, इस बार ऐसा लगा कि चुनाव में ड्यूटी लगी है**

वैक्सीन वैन के साथ सिक्योरिटी की गाड़ी भी थी। वैन के ड्राइवर नीमच के सलीम खान ने बताया 25 साल से सेवा में हूं। एक जगह से दूसरी जगह वैक्सीन ले जाता हूं। चुनाव में भी ड्यूटी लगती है। इस बार ऐसा लग रहा जैसे चुनाव में ही ड्यूटी लगी है। वैक्सीन को लाकर अच्छा महसूस हो रहा है।

**तैयारियों में पल-पल हो रहा बदलाव, अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक व्यवस्थाओं में जुटे**

इधर, कोरोना वैक्सीन को लेकर तैयारियों में पल-पल बदलाव हो रहा है। पहले 21 केंद्रों में टीकाकरण होना था, इसके लिए केंद्र तय हो गए थे, वहां इंतजाम भी किए जा रहे थे। लेकिन, बुधवार को राज्य स्तर से मिले आदेश के मुताबिक अब 2 केंद्रों में ही टीकाकरण किया जाएगा। इधर, जिले में पहला टीका किसे लगेगा ये भी अभी तय नहीं हो सका है। बुधवार को उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद इस व्यवस्था में बदलाव किया गया। अब पहले फेज का टीकाकरण भी 15 दिन तक चलेगा।

**ऐसे काम करती है वैक्सीन:** वैक्सीन कोरोना वायरस के ही जींस या स्पाइक प्रोटीन से बना है, शरीर में जाकर एंटीबॉडी का काम करेगा, इम्युनिटी बढ़ा संक्रमण होने पर वायरस से लड़ेगा



**नगर निगम चुनाव का फंडा**

# धीरे-धीरे शुरू होगी पूरे शहर में रोज पानी देने की व्यवस्था

रतलाम। इसे नगर निगम चुनाव का फंडा ही मानो कि अब रतलाम में विधायक चेतन्य काश्यप के संकल्प पत्र का रोज पानी देने का महत्वपूर्ण वचन धीरे-धीरे पूरा होगा। नगर निगम ने पिछले साल दिसंबर के दूसरे सप्ताह में जब कस्तुरबा नगर टंकी से क्षेत्र के वासियों को रोज पानी देने की शुरुआत की थी, तो एक सप्ताह में दूसरी टंकी से पानी देने का दावा किया गया था, लेकिन उसे पूरा होने में डेढ़ महीना लगेगा। निगम गणतंत्र दिवस के बाद दीनदयाल नगर टंकी से नियमित जल वितरण शुरू कर सकता है। इसके बाद अन्य टंकियों का नंबर आएगा। ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि 27 जनवरी को मुख्यमंत्री रतलाम आएंगे तब उनके हाथों दीनदयाल नगर टंकी से प्रतिदिन जलप्रदाय शुरू हो सकता है।

गौरतलब है कि नगर निगम के चुनाव पहले जनवरी में होना संभावित थे, इसलिए उसकी आचार संहिता लगने से पहले नगर निगम ने कस्तुरबा नगर में रोज पानी देना शुरू कर दिया था। बाद में दावा किया गया था कि कुछ ही दिनों में एक-एक करके शहर के सभी क्षेत्रों में रोज पानी दिया जाने लगेगा। पहला नंबर तब दीनदयाल नगर की टंकी का ही बताया गया था, लेकिन नगर निगम एक महीने तक इस टंकी से नियमित जल वितरण शुरू नहीं करा सका। निगम द्वारा गणतंत्र दिवस के बाद दीनदयाल नगर टंकी से जुड़े हजारों रहवासियों को रोजाना पानी देने की तैयारी की जा रही है। इससे जाहिर है कि अब जबकि नगर निगम के चुनाव मार्च में होना संभावित है, तो पूरे शहर में रोज पानी मिलने में अभी और वक्त लगेगा। नगर निगम द्वारा चुनाव की घोषणा होने तक इसकी तैयारी की जाएगी और उसके बाद शहर में प्रतिदिन पानी मिलेगा। बीते एक महीने में निगम के जलप्रदाय अमले ने वॉल्व और लीकेज ठीक किए, उसके बाद जल वितरण के लिए दीनदयाल नगर टंकी से जुड़े क्षेत्रों को समूह में विभक्त कर पानी देने की शुरुआत होगी। उम्मीद जताई जा रही है कि 27 जनवरी को शहर विकास का पांच साल का रोडमैप देखने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान जब रतलाम आएंगे, तो नगर निगम द्वारा उनके हाथों दीनदयाल नगर टंकी से प्रतिदिन जल वितरण की शुरुआत करा सकता है।

शहर विधायक चेतन्य काश्यप नगर निगम के कामकाज की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत होने वाले

..शेष पृष्ठ2 पर

## चुनाव की मेहनत पर फिर रहा पानी

नगर निगम चुनाव के लिए कांग्रेस एवं भाजपा पिछले कई दिनों से मेहनत कर रहे हैं। जनवरी में चुनाव प्रस्तावित मानकर सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा रोज जलप्रदाय करने के साथ ही शहर की अवैध कालोनियों को वैध करने के लिए सरकार से कानून लाए जाने और जर्जर सड़कों के कायाकल्प सहित कई योजनाएं बनाई गई थीं, लेकिन चुनाव आगे बढ़ जाने से सारी मेहनत पर पानी फिर गया। हालांकि चुनाव के लिए होने वाले ये सभी कार्य भी अब चुनाव की तरह लंबित हो गए हैं, इसलिए माना जा रहा है कि चुनाव आने पर ही आम जन को इनका लाभ मिलेगा।

पृष्ठ 1 का शेष धीरे-धीरे

विकास के रोडमेप पर भी उन्होंने रुचि लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं और शहर में रोज पानी देने का अपना वचन पूरा कराने के लिए वे निरंतर निगम अमले को पाबंद कर रहे हैं। उनके निर्देश पर निगम अमले ने सैकड़ों लीकेज दूर कर वाल्व सुधारे हैं। दीनदयाल नगर टंकी से जल वितरण शुरू होने के बाद जल्द ही शहर के अन्य क्षेत्रों में नियमित पानी देने की तैयारी शुरू हो जाएगी।

### राज्य निर्वाचन आयुक्त बीपी सिंह ने दिए कलेक्टरों को निर्देश

# मतदाता-सूची पुनरीक्षण में दावे-आपत्तियों की तारीख का हो व्यापक प्रचार-प्रसार

भोपाल, (प्रसं)। मध्यप्रदेश में नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए एक जनवरी, 2021 की संदर्भ तारीख के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता-सूची के पुनरीक्षण का कार्य जारी है। मतदाता-सूची पर दावे-आपत्तियां प्राप्त करने के लिए निर्धारित अवधि 8 से 15 फरवरी का व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया जाए, जिससे पात्र मतदाता अपना नाम मतदाता-सूची में जुड़वा सकें।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने यह निर्देश जिला कलेक्टर्स को दिए। श्री सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन के संबंध में प्रदेश भर के कलेक्टरों से चर्चा कर रहे थे। मतदाता-सूची का अंतिम प्रकाशन तीन मार्च को होगा।



बुधवार को भोपाल में राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने नगरीय निकाय एवं पंचायत के चुनाव के संबन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर्स से चर्चा की।

### आई.टी.का करें समुचित उपयोग

उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में आई.टी. का समुचित उपयोग करें। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा आईईआरएमएस, चुनाव एप सहित अनेक आई.टी. टूल्स आपकी सुविधा के लिये बनाये गए हैं। उप सचिव अजीजा सरशार जफर ने पंचायत चुनाव, आईटी, उप सचिव सुतेश शाक्या ने प्रशिक्षण और प्रचार-प्रसार की गतिविधियां, अवर सचिव प्रदीप शुक्ला ने मतदाता-सूची बनाने की प्रक्रिया, अवर सचिव राजेश यादव ने वीडियोग्राफी तथा स्ट्रांग-रूम और मुख्य लेखाधिकारी सुजाता रघुवंशी ने वित्तीय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दुर्ग विजय सिंह और आयोग की ओएसडी सुनीता त्रिपाठी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### कोविड से मृत्यु पर मिलेंगे 30 लाख रुपए

नगरीय निकायों तथा त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम/उप निर्वाचन में लगने वाले पोलिंग अमले एवं ईवीएम मशीनों की एफएलसी के लिए नियुक्त इंजीनियरों की निर्वाचन ड्यूटी के दौरान कोविड-19 से मृत्यु पर 30 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी।

### निष्पक्ष होने के साथ ही निष्पक्ष दिखें भी

श्री सिंह ने कहा कि मतदाता-सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया की नियमित मॉनीटरिंग आयोग स्तर पर भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मतदाता-सूची बनाने का कार्य पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से करें। निष्पक्ष होने के साथ ही निष्पक्ष दिखें भी। श्री सिंह ने बताया कि मतदाता-सूची के प्रकाशन के बाद निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष और महापौर का निर्वाचन प्रत्यक्ष रूप से मतदाताओं द्वारा किया जायेगा। नगरीय निकाय चुनाव 2 चरण और पंचायत चुनाव तीन चरण में हो सकते हैं।

### ईवीएम से होगा मतदान

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि नगरीय निकायों में महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षद तथा पंचायत निर्वाचन में जिला पंचायत सदस्य और जनपद पंचायत सदस्य के लिये मतदान ईवीएम के माध्यम से होगा। सरपंच और पंच के लिये मतदान मत-पत्र एवं मत-पेटी के माध्यम से होगा। कोविड-19 के कारण मतदान के समय में एक घंटे की वृद्धि की जायेगी। मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि नगरीय निकायों के आम निर्वाचन में व्यय लेखा पार्षदों के लिये भी लागू होगा। सभी अभ्यर्थियों को 30 दिन में व्यय-लेखा देना अनिवार्य होगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नई दुनिया––पृष्ठ ..6.....दिनांक...1.6.......2021

# शहर में 83 दिनों में 125 वॉल्व और 574 पाइप लीकेज की मरम्मत

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 83 दिनों में 125 वॉल्व व 574 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है।

रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। बुधवार को सर्वोदय नगर, सुमंगल गार्डन के बाहर, टेलीफोन नगर भंडारीजी की दुकान के बाहर, मुखर्जी नगर, महू रोड अंडरब्रिज, जाटों का वास, शेरानीपुरा सोमनाथ मंदिर के पास व पटेल साहब की बावड़ी के पास पाइप लाइन लीकेज के साथ ही बीमा अस्पताल के पास, जावरा रोड व मोतीनगर चौराहे पर शांति नगर टंकी भरने वाला वॉल्व ठीक करवाया गया। उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी के अलावा नीरज यादव, मोहन आदि के निर्देशन में की गई।

# शहर को मिला ओडीएफ डबल प्लस का दर्जा

15-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 को लेकर नगर निगम प्रशासन तैयारी कर रहा है। शासन स्तर पर लगातार मानीटरिंग भी की जा रही है। नगरीय प्रशासन विभाग से प्रदेश की सभी निकायों को निर्देश दिए गए हैं, कि कोई भी निकाय वर्तमान रैंकिंग से पीछे न हो।

नगर निगम द्वारा ओडीएफ डबल प्लस के लिए आवेदन करने के बाद टीम ने सर्वे किया था। इंतजाम बेहतर मिलने पर बुधवार को सर्टिफिकेशन कर दिया गया। इसके बाद नगर निगम द्वारा स्वच्छता सर्वे में स्टार रेटिंग के लिए आवेदन किया जा सकेगा। ओडीएफ डबल प्लस का दर्जा मिलने की सूचना मिलने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी व मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया।

मालूम हो कि कोरोना संक्रमण के कारण इस बार निकायों में फील्ड सर्वे 1 मार्च से 28 मार्च तक होगा। हालांकि सिटीजन वाइस के अंतर्गत फीडबैक लेने की प्रक्रिया 4 जनवरी से शुरू हो गई है, जो 28 मार्च तक चलेगी। इस बार भी स्वच्छता सर्वेक्षण 6000 अंक का होगा। सिटीजन वाइस के लिए 30 प्रतिशत अर्थात 1800 अंक मिलेंगे। सर्टिफिकेशन-स्टार रेटिंग के तहत 30 प्रतिशत अर्थात 1800 अंक मिलेंगे। इसमें कचरा मुक्त शहर की स्टार रैंकिंग पर 1100 और ओडीएफ प्लस व ओडीएफ डबल प्लस के लिए 700 अंक तय किए गए हैं। शहर में वाटर प्लस (सैप्टिक टैंक के अपशिष्ट का निष्पादन) की व्यवस्था नहीं होने से ओडीएफ डबल प्लस के लिए तय 700 अंक में से 500 अंक ही मिले हैं।

> ओडीएफ डबल प्लस 2020-21 के लिए सर्टिफिकेशन हो गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण के सभी मानक पूरे करने के लिए तैयारी की है। - **सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त, रतलाम**

**आमजन के फीडबैक को प्राथमिकता**

सर्वेक्षण में आमजन से मिलने वाले फीडबैक को प्राथमिकता दी जाएगी। पिछली बार चार हिस्सों में 25-25 प्रतिशत अंक थे, इस साल तीन हिस्सों में अंक रहेंगे। एक भाग 40 प्रतिशत का जबकि दो भाग 30-30 प्रतिशत अंक के होंगे। सर्विस लेवल प्रोग्रेस के लिए सर्वाधिक 40 प्रतिशत (2400) रहेंगे।



स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के लिए शहर के झाली तालाब की सीढ़ियों व परिसर में रंगरोगन किया जा रहा है। • नईदुनिया

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका---पृष्ठ ..17...दिनांक..14-1.......2021

16 जनवरी से जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में फ्रंटलाइन वर्करों को लगेगा टीका

# बधाई...रतलाम पहुंचा खुशियों का मंगल टीका, 16 से टीकाकरण

पत्रिका सिटी हैपनिंग

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 14-1-2021

रतलाम. वर्ष 2021 में 13 जनवरी की रात रतलाम के लिए बहुत खास हो कर रह गई है। कोरोना को मात देने के लिए बुधवार की रात जिला अस्पताल में कोरोना वैक्सीन पहुंच गई। अब 16 जनवरी से देशभर के साथ रतलाम में भी फ्रंटलाइन वर्करों को वैक्सीन लगाने का काम शुरू हो जाएगा। शुरुआती दौर में रतलाम में वैक्सीन के 10310 डोज आ रहे हैं।

कोरोना वैक्सीन रात करीब 9.30 बजे जिला अस्पताल पहुंची तो हर किसी की खुशी का ठिकाना नहीं था। दरअसल वैश्विक महामारी को मात देने में रतलाम में जुटे कोरोना योद्धाओं के लिए यह बहुत ही जरूरी है। अब तक स्वास्थ विभाग से जुड़े सभी फ्रंटलाइन वर्कर अपनी जान की परवाह किए बगैर पहले दिन से लेकर आज तक कोरोना मरीजों की देखरेख में जुटे हुए हैं। कोरोना को मात देने के लिए वैक्सीनेशन की प्रक्रिया में थोड़ा सा बदलाव किया गया है। पहले जिले के 15 से ज्यादा सेंटरों की 21 साइट पर टीकाकरण होना था लेकिन अब यह सिर्फ दो सेंटर पर ही होगा। इनमें मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल को शामिल किया गया है। जिले के सभी 8174 फ्रंटलाइन वर्करों को यहीं पर आकर वैक्सीन लगवाना होगा।



## पहले चरण में 2 केंद्रों पर लगेगा वैक्सीन

कोरोना वैक्सीनेशन के लिए जिले का माइक्रो प्लान तैयार हो गया है। पहले चरण में 2 केंद्रों पर टीकाकरण किया जाएगा। इसके बाद केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी। जिले के 8437 फ्रंटलाइन वर्कर चिन्हित किए गए हैं। कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड ने बताया कि प्रथम चरण में रतलाम में बाल चिकित्सालय तथा मेडिकल कॉलेज में टीकाकरण केंद्र बनाए गए हैं। जहां कोरोना का वैक्सीन लगाया जाएगा।

## पहले दिन 200 लोगों को लगेगी वैक्सीन

रतलाम में 8174 फ्रंटलाइन वर्करों के लिए 10300 वैक्सीन के डोज पहली खेप में रतलाम पहुंच रहे हैं। इसके चलते 16 जनवरी को अभियान की शुरुआत के दौरान पहले दिन 200 इन दोनों सेंटरों पर लोगों को वैक्सीन लगाए जाएंगे। वैक्सीनेशन के दौरान किस पर क्या असर पड़ रहा है, इस पर भी पूरी तरह से टीम नजर रखेगी। इसी कारण से शासन ने रतलाम में सिर्फ 2 सेंटर तय किए हैं।

## कोल्ड चेन स्टोर में रखी वैक्सीन

देर रात वैक्सीन आने के बाद उसे कड़ी सुरक्षा के बीच जिला अस्पताल के कोल्ड चेन स्टोरेज में रखा गया है। वैक्सीन की वेन भी सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में रतलाम के जिला अस्पताल पहुंची। यहां पर वैक्सीन के बॉक्स उतरने के बाद जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर वर्षा कुरील ने बॉक्स खोल कर उनकी जांच भी की, उसके बाद सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में कक्ष को बंद कर दिया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नई दुनिया–पृष्ठ 5 दिनांक 14-1-2021

## 544 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 544 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। बुधवार को अलकापुरी से दो मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

## स्वच्छंद विचरण करने वाले 542 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 12 जनवरी तक 542 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 12 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 12 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 542 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 12 जनवरी को अलकापुरी से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

दैनिक समाचार

14-1-2021

**नगरीय निकाय चुनाव** • 15 जनवरी को आएगी नई सूची, अंतिम प्रकाशन 3 मार्च को

# वोटर लिस्ट में 5400 नाम और जुड़ेंगे, 2.20 लाख वोटर चुनेंगे नगर सरकार

भास्कर संवाददाता | रतलाम

14-1-2021

सालभर से टलने के बाद अब मार्च-अप्रैल-मई तक आगे बढ़ रहे चुनावों के साथ नगरीय निकाय की मतदाता सूची लगातार अपडेट हो रही है। पहले तीन बार बदली जा चुकी सूची अब चौथी बार बदलना शुरू हो गई है। इसमें विधानसभा की 15 जनवरी को जारी होने वाली सूची के नाम भी शामिल किए जाएंगे, जो लगभग 5400 बताए जा रहे हैं। इससे मतदाताओं की संख्या 2.15 लाख से बढ़कर 2.20 लाख हो जाएगी। यह सूची 8 फरवरी को सामने आएगी।

दावे-आपत्तियों के निराकरण के बाद निर्वाचन विभाग 3 मार्च को फाइनल सूची जारी करेगा। मतदाता सूची में बदलाव की जानकारी मिलने के बाद चुनाव आगे बढ़ने से सुस्त पड़े राजनीतिक गलियारों में फिर हलचल मच गई है। जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्रों के छूटे हुए लोगों के नाम जुड़वाने की कोशिश में लग गए हैं।

## चौथी बार बदलेगी मतदाता सूची, जून तक टल सकते हैं चुनाव

सीबीएसई ने मार्च-अप्रैल में परीक्षा कराने की घोषणा कर दी है। एमपी बोर्ड भी इसी दौरान परीक्षाएं लेगा। इससे चुनाव जून तक टलने के आसार हैं। फिलहाल राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव 20 फरवरी तक स्थगित कर रखे हैं। उम्मीद है कि इसके बाद होने वाली पहली बैठक में चुनाव की तारीख पर मुहर लग जाए। बताया जा रहा है कि इस बार निकाय चुनाव बहुत कम समय में पूरे करा लिए जाएंगे। इसमें प्रत्याशियों को जनसंपर्क का ज्यादा समय नहीं मिलेगा।

### मतदाता सूची में कब-कब हुआ बदलाव

- 2019 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार में वार्ड परिसीमन के बाद निर्वाचन विभाग ने पहली सूची तैयार की थी।
- अप्रैल 2020 में बनी भाजपा सरकार द्वारा परिसीमन निरस्त करने के बाद दूसरी सूची बनी।
- 90 से ज्यादा दावे-आपत्तियों के निराकरण के बावजूद 8 वार्ड के मतदाता शिफ्ट होना रह गए थे। राज्य निर्वाचन आयोग से 24 घंटे के लिए पोर्टल खुलवाकर मतदाताओं के नाम सही वार्ड में चढ़ाया।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण, कब-क्या होगा

- 8 फरवरी- फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगरीय निकायों के वार्ड व अन्य स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन
- 15 फरवरी- दावे-आपत्ति ली जाएगी।
- 20 फरवरी- संशोधित सूची। • 3 मार्च-अंतिम प्रकाशन होगा

*■ सालाना पुनरीक्षण में मतदाता सूची में नए नाम जुड़ेंगे और घटेंगे। विधानसभा के नाम शामिल होने पर वोटर 2.20 लाख तक पहुंच सकते हैं। आपत्तियां लगाकर ठीक करवाएंगे।*
**दिनेश शर्मा,** नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी भाजपा

*■ कांग्रेस की तैयारी पूरी है। पार्षद उम्मीदवारों के आवेदन भी आ रहे हैं। इनकी व्यक्तिगत जांच करवाई जा रही है। सूची बदलने से ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा। हम जितने वाले उम्मीदवार को ही टिकट देंगे। तैयारी पहले से ज्यादा वार्ड पर जीत की है।*
**महेंद्र कटारिया,** जिलाध्यक्ष कांग्रेस

## दावे–आपतियों की तारीख का हो व्यापक प्रचार–प्रसार

रतलाम। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए 01 जनवरी 2021 के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता-सूची के पुनरीक्षण का कार्य जारी है। मतदाता-सूची पर दावे-आपत्तियां प्राप्त करने के लिए निर्धारित अवधि 08 से 15 फरवरी का व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया जाए। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने यह निर्देश सभी जिला कलेक्टर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए। मतदाता-सूची का अंतिम प्रकाशन 03 मार्च को होगा।

नई दुनिया 14-1-2021

## दावे-आपत्तियों की तारीख का हो व्यापक प्रचार-प्रसार


पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 14-1-2021

रतलाम. नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए एक जनवरी 2021 की संदर्भ तारीख के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता-सूची के पुनरीक्षण का कार्य जारी है। मतदाता-सूची पर दावे-आपत्तियां प्राप्त करने के लिए निर्धारित अवधि 8 से 15 फरवरी का व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया जाए, जिससे पात्र मतदाता अपना नाम मतदाता-सूची में जुड़वा सकें। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने यह निर्देश जिला कलेक्टर्स को दिए। मतदाता-सूची का अंतिम प्रकाशन 3 मार्च को होगा। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष और महापौर का निर्वाचन प्रत्यक्ष रूप से मतदाताओं द्वारा किया जाएगा। नगरीय निकाय चुनाव 2 चरण और पंचायत चुनाव 3 चरण में हो सकते हैं।

पत्रिका 14-1-2021

# विधायक श्री काश्यप से शहर विकास के रोडमेप पर चर्चा

**रतलाम।** नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के सामने प्रस्तुत होने वाले शहर विकास के रोडमेप पर शहर विधायक चेतन्य काश्यप से चर्चा की गई। निगम अधिकारियों ने अपने प्रेजेंटेशन की तैयारी दिखाई। विधायक श्री काश्यप ने विकास के कई बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। निगम के प्रेजेंटेशन को बाद में कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचंद्र डाड के साथ देखकर अंतिम रूप दिया जाएगा।



विधायक श्री काश्यप ने निगम अधिकारियों से शहर विकास के विभिन्न आयामों पर चर्चा करते हुए रोजगार मूलक कार्यों को बढ़ावा देने विशेषकर स्ट्रीट वेंडरों के बैठने के स्थान, झुग्गी मुक्त रतलाम के तहत प्रधानमंत्री आवास, पार्किंग स्थल, सड़क निर्माण, अवैध कालोनियों, स्वच्छ रतलाम और यातायात सुधार सहित अन्य कई विषयों पर सुझाव दिए। इस दौरान एसडीएम अभिषेक गेहलोत, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सहायक आयुक्त विकास सोलंकी, सिटी इंजीनियर एस सी व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री एसपी आचार्य, श्याम सोनी, कपिल मारोठिया, मनीष तिवारी एवं विकास मरकाम आदि मौजूद थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका---पृष्ठ ..7....दिनांक.1.5.......2021

# रतलाम नगर निगम सहायक आयुक्त होगी अब जावरा की नई सीएमओ

पत्रिका 1-5-2021



जावरा. मध्यप्रदेश शासन के नगरीय निकाय मंत्रालय द्वारा जारी स्थानांतरण आदेशानुसार नगर पालिका जावरा के सीएमओ के पद पर रतलाम नगर निगम की सहायक आयुक्त नीता जैन काबिज होगी, बुधवार को जैन ने जावरा नगर पालिका पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई, चार्ज संभवतः एक या दो दिन में लेगी। नपा सीएमओ पद पर वर्तमान में डॉ केशवसिंह सगर पदस्थ है। जैन डॉ सगर के स्थान पर नपा का चार्ज लेगी। उल्लेखनीय है कि जैन पूर्व में मनासा से स्थानांतरित होकर जावरा पदस्थ हुई थी, लेकिन जावरा सीएमओ के रीलिव नहीं होने के चलते उन्हें रतलाम भेज दिया गया था।

# मार्च के पहले पखवाड़े में घोषित हो सकते हैं निकाय और पंचायत चुनाव

## वीडियो कांफ्रेंस ● राज्य निर्वाचन आयुक्त बीपी सिंह ने कलेक्टरों के साथ की समीक्षा

**भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)।** प्रदेश में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम चुनाव अप्रैल-मई में कराए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने इसकी तैयारियां तेज कर दी हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने बुधवार को सभी कलेक्टरों से वीडियो कांफ्रेंसिंग से तैयारियों की जानकारी ली और बताया कि नगरीय निकाय चुनाव दो और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तीन चरण में हो सकते हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन तीन मार्च को होगा। बताया जा रहा है कि मार्च के पहले पखवाड़े में चुनाव कार्यक्रम घोषित किया जा सकता है।

बैठक में राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि एक जनवरी 2021 के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम किया जा रहा है। 15 फरवरी तक दावे-आपत्ति के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसका व्यापक प्रचार किया जाए। मतदाता सूची का काम पूरी तरह निष्पक्ष होना चाहिए। यह निष्पक्षता भी नजर आनी चाहिए। तीन मार्च को सूची के प्रकाशन के बाद चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। अध्यक्ष और महापौर के चुनाव प्रत्यक्ष रूप से मतदाताओं द्वारा किया जाएगा। नगरीय निकाय चुनाव के साथ जिला और जनपद पंचायत सदस्य के लिए मतदान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से होगा। सरपंच और पंच के लिए मतपत्र से मतदान कराया जाएगा। कोरोना की स्थिति को देखते हुए मतदान का समय एक घंटा बढ़ाया गया है। अब सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान होगा। इस बार पार्षदों को भी खर्च का ब्योरा देना होगा। चुनाव में लगने वाले अमले की ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर 30 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी।

### दो चरण में निकाय और तीन चरण में होंगे पंचायत चुनाव



**भोपाल।** राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह (दाएं) ने बुधवार को नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग से कलेक्टरों से चर्चा की। इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। ● जनसंपर्क

### निकाय चुनाव से पहले शहरी इलाकों को मिलेगी बड़ी राशि

**भोपाल।** अप्रैल में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव से पहले शिवराज सरकार ने शहरी क्षेत्रों के लिए अनुपूरक बजट में बड़ी राशि का इंतजाम कर दिया है। निकायों को बजट से अलग वित्तीय सहायता के रूप में साढ़े छह करोड़ रुपये दिए गए हैं। वहीं, अन्य योजनाओं के लिए साढ़े चार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। तय किया गया है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सभी नगर निगम क्षेत्रों में चुनाव से पहले कार्यक्रम करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय ने रीवा, सिंगरोली खंडवा, बुरहानपुर, जबलपुर, रतलाम, देवास, ग्वालियर और मुरैना के कार्यक्रम तय भी कर लिए हैं। वहीं, कांग्रेस ने भी निकाय चुनाव को लेकर गतिविधियां बढ़ा दी हैं। प्रत्याशी चयन के लिए जिला चयन समिति की बैठकें लगातार हो रही हैं। सूत्रों के मुताबिक सरकार का जोर निकाय चुनाव से पहले नगरीय क्षेत्रों निर्माण के लंबित कामों को पूरा कराने के साथ नये कामों की शुरुआत करने पर है। इसके लिए निकायों ने विभाग से बजट की मांग की थी। विभाग के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने सहमति दी है।

---

राज्य निर्वाचन आयुक्त के निर्देश

# वोटर लिस्ट गलत हो तो सूचना दें, अंतिम प्रकाशन 3 मार्च को

14-1-2021

**भोपाल @ पत्रिका.** नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य जारी है। दावे-आपत्तियां प्राप्त करने के लिए निर्धारित अवधि 8 से 15 फरवरी का व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया जाए, जिससे पात्र मतदाता नाम जुड़वा सकें। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने यह निर्देश जिला कलेक्टर्स को दिए। वे जिला कलेक्टर्स से चर्चा कर रहे थे। मतदाता-सूची का अंतिम प्रकाशन 3 मार्च को होगा।

**निकाय चुनाव 2 और पंचायत चुनाव 3 चरण में संभव :** सिंह ने बताया कि अध्यक्ष और महापौर का निर्वाचन प्रत्यक्ष रूप से मतदाताओं द्वारा किया जाएगा। नगरीय निकाय चुनाव 2 चरण और पंचायत चुनाव 3 चरण में हो सकते हैं। महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षद तथा पंचायत निर्वाचन में जिला पंचायत सदस्य और जनपद पंचायत सदस्य के लिए मतदान ईवीएम के माध्यम से होगा। सरपंच और पंच के लिए मतदान मत-पत्र एवं मत-पेटी के माध्यम से होगा। उप सचिव अजीजा सरशार जफर ने पंचायत चुनाव, अवर सचिव प्रदीप शुक्ला ने मतदाता-सूची बनाने के बारे में बताया।

### कोविड से मृत्यु पर मिलेंगे 30 लाख

निकायों तथा त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम/उप निर्वाचन में लगने वाले पोलिंग अमले एवं ईवीएम की एफएलसी के लिए नियुक्त इंजीनियरों की निर्वाचन ड्यूटी के दौरान कोविड-19 से मृत्यु पर 30 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी।

पत्रिका 14-1-2021

**हाईपावर कमेटी सौंपेगी अनुशंसाएं**

## कर्मचारियों को मिलेगा उच्च पदनाम, वेतन रहेगा वही

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 14-1-2021

भोपाल. राज्य के सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों को प्रमोशन के अभाव में उच्च पदनाम देने की तैयारी है। इसके लिए हाईपावर कमेटी को 15 जनवरी तक अनुशंसाएं सौंपने के लिए कहा गया है।

पदोन्नति में आरक्षण का मामला कोर्ट में होने के कारण चार साल से प्रमोशन नहीं हो पाए हैं। इससे कर्मचारियों में नाराजगी भी बढ़ रही है। हालांकि इसे दूर करने के लिए सरकार ने समय-समय पर प्रयास किए, लेकिन ठोस परिणाम सामने नहीं आए। अब फिर प्रयास शुरू हुए हैं। इसी कड़ी में प्रशासन अकादमी के महानिदेशक एपी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है। सरकार का मानना है कि कर्मचारियों को यदि उच्च पदनाम दिया जाता है तो इससे खजाने पर कोई वित्तीय भार नहीं आएगा। उनका वेतन वही रहेगा, लेकिन ओहदा बढ़ जाएगा। हालांकि कई कर्मचारी ऐसे हैं कि उनका प्रमोशन भले ही न हुआ हो, लेकिन वरिष्ठता के चलते उनका वेतन उच्च पद के समान हो गया है।

## पदोन्नति में आरक्षण लाभ लेने वाले कर्मचारियों को नहीं दिया जाए वरिष्ठ पद का प्रभार : सपाक्स

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। प्रदेश में सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों की पदोन्नति के विकल्प के रूप में उच्च पद का प्रभार देने पर विचार कर रही राज्य सरकार को सपाक्स संस्था ने सचेत किया है। संस्था ने कहा है कि जबलपुर हाईकोर्ट ने 'मप्र लोक सेवा (पदोन्नति) नियम 2002' खारिज किया है। इससे सामान्य, पिछड़ा, अल्पसंख्यक वर्ग के कर्मचारियों की पदोन्नति पर कोई रोक नहीं लगती। फिर भी वरिष्ठ पद पर प्रभार देने की व्यवस्था बनाई जा रही है, तो वे लाभ पदोन्नति में आरक्षण का पहले से लाभ ले चुके कर्मचारियों को नहीं दिया जाना चाहिए।

संस्था के अध्यक्ष डॉ. केएस तोमर, संरक्षक एके जैन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल 'कर्मचारियों को उच्च पद का प्रभार देने पर विचार के लिए गठित समिति' के सदस्य एवं अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा से मिला। समिति को दो दिन बाद (15 जनवरी) सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपना है। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांग रख दी है। संस्था ने कहा है कि ऐसे कर्मचारी पहले से ही उच्च पद का लाभ ले रहे हैं।

नई दुनिया
14-1-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नई दुनिया–पृष्ठ 3......दिनांक 1-6-......2021

# गंदगी फैलाने वाले 14 लोगों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने पर गणपत सोलंकी, गंभीर साइकिल सर्विस व पंजाब साइकिल सर्विस नाहरपुरा पर 1000-1000, संजय कोठारी व ऋषभ इंटरप्राइजेस नाहरपुरा पर 500-500, हातिमी किराना, सुशील व राजश गांधी मिर्ची गली पर 300-300, सरफराज एहमद अलकापुरी चौराहा पर 250, राहुल यादव महू रोड बस स्टैंड पर 200, सावन, किशोर, मनीष, बबलू महू रोड बस स्टैंड पर 50-50 रुपये का जुर्माना किया गया।

# रात 9:30 बजे पहुंची वैक्सीन, पहले चरण में दो केंद्रों पर लगेंगे टीके

## वैक्सीनेशन ● रतलाम जिले के 8437 फ्रंटलाइन वर्कर को प्रथम चरण में टीका लगाया जाएगा, सभी केंद्रों पर तैयारियां पूरी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वैक्सीनेशन के लिए जिले का माइक्रो प्लान तैयार हो गया है। 21 केंद्रों पर टीकाकरण की तैयारी की गई थी, लेकिन अब पहले चरण में 2 केंद्रों पर टीकाकरण किया जाएगा। इसके बाद केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी। 10310 वैक्सीन डोज लेकर रात करीब 9:30 बजे वैक्सीन वाहन जिला अस्पताल पहुंचा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि वैक्सीन के डोज जिला चिकित्सालय कोल्ड स्टोरेज में पहुंच गए हैं। वैक्सीन डोज कोल्ड चैन व्यवस्था के तहत पूरी तरह सुरक्षित रखा गया है। फ्रंटलाइन वर्कर को बताए गए पहचान पत्र के दस्तावेज साथ में लेकर आना होंगे।

### प्रत्येक टीम में 5-5 सदस्यों को रखा गया

कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड ने बताया कि प्रथम चरण में रतलाम में बाल चिकित्सालय तथा मेडिकल कॉलेज में टीकाकरण केंद्र बनाए गए हैं। टीकाकरण की प्रत्येक टीम में 5-5 सदस्यों को रखा गया है। इनका प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। प्रत्येक टीम के कार्यों में, प्रवेश के समय दस्तावेज की जांच करना, रिसेप्शन रूम में बैठाना, वैक्सीन लगाना, कम्प्यूटर पर एंट्री करना, वैक्सीन लगाने के बाद संबंधित के स्वास्थ्य की आधे घंटे तक निगरानी करना आदि शामिल है। 16 से 24 जनवरी तक शुक्रवार, मंगलवार और रविवार को छोड़ हर दिन टीका लगाया जाएगा।

### 16 से 24 जनवरी तक मंगलवार, शुक्रवार और रविवार को छोड़ 21 साइटों पर लगाई जाएगी

#### इन्हें लगेगी वैक्सीन

कुल फ्रंटलाइन वर्कर 8437

शासकीय वर्कर 6969

प्राइवेट हेल्थ वर्कर 1228

रेलवे हेल्थ वर्कर 242



### इंतजाम में लगे संसाधन–कर्मचारी

| | |
|---|---|
| कोल्ड चेन स्टोरेज | 29 |
| वैक्सीन कैरियर- | 1578 |
| कोल्ड बॉक्स | 104 |
| आइएलआर- | 34 |
| डीप फ्रीजर- | 44 |
| साइट- | 2 |
| डोज | 10310 |
| साइटों पर कर्मचारी | 110 |
| जोनल अधिकारी | 06 |

#### एईएफआइ सेंटर

मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल जावरा, प्राथमिक स्तर पर सिविल अस्पताल, पीएससी, एसी सेंटर, दो प्राइवेट अस्पताल रतलाम हॉस्पिटल, आशीर्वाद नर्सिंग होम।

#### वैक्सीन सेंटर

बाल चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज, रेलवे अस्पताल, सैलाना, ताल, नामली, पिपलौदा, आलोट, जावरा, बिलपांक, धामनोद, रावटी, बाजना, सुखेड़ा, खारवाकलां।



#### इन बिंदुओं पर भी रहेगी नजर

फ्रंटलाइन वर्करों को वैक्सीन के दो डोज लगाए जाएंगे। इसके बाद 50 साल से ज्यादा उम्र के बचे हुए लोगों को टीके लगाए जाएंगे।

टीका लगाने के बाद 30 मिनट तक सेंटर पर रखा जाएगा। इस दौरान अगर तबीयत बिगड़ती है तो संबंधित को एईएफआइ सेंटर में भर्ती किया जाएगा। टीकाकरण को रजिस्ट्रेशन हो चुका है। टीका लगाने से पहले मैसेज भी आएगा।

## 15 जनवरी से जारी होंगे एसएमएस



10310 वैक्सीन डोज लेकर रात करीब 9:30 बजे वैक्सीन वाहन रतलाम जिला अस्पताल पहुंचा। ● नईदुनिया

15 जनवरी को उन फ्रंटलाइन वर्कर को एसएमएस जारी किए जाएंगे, जिनको 16 जनवरी को टीका लगाया जाएगा। एसएमएस में नाम, दिनांक, स्थान का जिक्र रहेगा। सुबह 9 से शाम 4 बजे के समय में फ्रंटलाइन वर्कर अपने तय टीकाकरण केंद्र पर पहुंच सकते हैं। केंद्र सरकार के कोविन पोर्टल पर पंजीयन होकर सूची अपडेट हुई है। उसी क्रम में फ्रंटलाइन वर्कर को टीकाकरण के लिए बुलाया जाएगा। पोर्टल पर दिए गए नाम अनुसार ही नामों के आगे लिखे मोबाइल नंबर पर एसएमएस जाएगा। अधिकारियों से लेकर छोटे कर्मचारी तक तैयारियों में जुटे हैं। सभी केंद्रों पर जरूरत के इंतजाम किए गए हैं। ऑनलाइन कोविन एप के माध्यम से केंद्र सीधे दिल्ली से जुड़ेंगे।

### 11 नए पॉजिटिव मिले

बुधवार को 498 सैंपलों की जांच रिपोर्ट में 11 नए पॉजिटिव मिले, जिसमें मेडिकल कॉलेज लैब की 201 रिपोर्ट में सात और रैपिड एंटीजन की 297 रिपोर्ट में चार मरीज शामिल है। जिले में संक्रमितों की संख्या 4239 हो गई है। 18 नए मरीजों के डिस्चार्ज होने के बाद कुल 4012 मरीज स्वस्थ हो चुके है, जबकि 79 की मौत हो गई। जनवरी के 13 दिन में 157 नए मरीज मिले, 259 स्वस्थ हुए और एक मौत हुई। एक्टिव मरीजों की संख्या 148 है। जिले में अब तक 72172 सैंपल की जांच कराई गई, जिसमें 41137 की रिपोर्ट निगेटिव आई और 4239 पॉजिटिव मिले है।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2021: ओडीएफ में शहर को मिले 600 में से 600 नंबर

# रतलाम ने लगाई बड़ी छलांग, शहर को मिला ओडीएफ डबल प्लस सर्टिफिकेट

पत्रिका सिटी न्यूज


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com
14-1-2021

रतलाम. शहर में खुले में शौच से मुक्ति के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुक्त सोमनाथ झारिया के नेतृत्व में किए गए कार्यों के बाद सूर्य के धनु से मकर राशि में जाने के एक दिन पूर्व ही शुभ सूचना मिली। मलमास की समाप्ती होते होते शहर को ओडीएफ प्लस प्लस याने की खुले में शौच से मुक्ति वाले शहर का खिताब स्वच्छता मिशन द्वारा दिया गया। इसकी अधिकारिक सूचना नगर निगम को बुधवार दोपहर को मिली। इसके बाद निगम में खुशियां हो गई व कर्मचारियों ने निगम आयुक्त झारिया व प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह को मिठाई खिलाई।

नगर निगम को पहली कामयाबी मिल है। पांच से सात दिसंबर के बीच हुई थर्ड पार्टी निरीक्षण में पहली बार नगर निगम को ओडीएफ प्लस-प्लस (खुले मे शौच मुक्त) घोषित किया गया है। साथ ही जांच में शहर के 18 में से 10 सार्वजनिक शौचालयों को सराहनीय व 7 को उत्तम माना गया है, जबकि एक को बहुत साफ बनाया गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में नगर निगम को 600 में से पूरे 600 अंक मिलेंगे।

## राष्ट्रीय स्तर पर होता है सर्वेक्षण

हर साल केंद्र सरकार की ओर से स्वच्छता पर फोकस करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सर्वेक्षण किया जाता है। सर्वेक्षण से ठीक पहले यह जांच की जाती है कि शहर में लोग क्या अब भी खुले में शौच करने जा रहे हैं या नहीं। स्थानीय निकाय प्रशासन ने खुले में शौच के लिए जाने से रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं। आम लोगों को सार्वजनिक शौचालयों की क्या सुविधाएं दी जा रही हैं। निगम को साल 2019 में खुले में शौच मुक्त कर दिया गया था। जबकि 2020 में ओडीएफ प्लस के तौर पर पंजीकरण हुआ था। अब 2021 में निगम ने पिछली कामयाबी को पाया है।



## यहां नहीं हो पाई जांच

हालांकि निरीक्षण के दौरान निगम सीमा में शामिल स्कूलों के शौचालयों की भी जांच की जानी थी, लेकिन कोरोना संक्रमण के चलते स्कूलों के शौचालयों की जांच नहीं हो सकी। इसलिए शहर के नगर निगम के करीब बने शौचालय, महू रोड स्थित शौचालय, राममंदिर के करीब बने हुए शौचालय, बाजार क्षेत्र के शौचालय, बाजना बस स्टैंड के शौचालय सहित रैलवे स्टेशन के पहले बने हुए शौचालय की जांच की गई। इसी आधार पर रतलाम ने बाजी मारी है। इतना ही नहीं शहर के स्लम क्षेत्र जिसमे मोतीनगर, लक्ष्मणपुरा, गांधीनगर, अर्जुन नगर, दिलीप नगर आदि क्षेत्र में भी टीम पहुंची थी।

नगर निगम रतलाम को पहली बार ओडीएफ प्लस-प्लस घोषित किया गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए यह अहम कामयाबी है। इसके लिए हमारे स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम के साथ शहर को बधाई। अब स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में निगम को 600 अंक मिलेंगे। शहर से आग्रह है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में पूरा सहयोग करें, जिससे इस बार रतलाम को इस कार्य में देशभर में नंबर एक पर लाया जा सके।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम